
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित

www.page3news.in

नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 239 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**आंकड़ों की सचाई



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 28 दिसंबर 2021



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 8.0° | 40243.39 | 2 ऑस्ट्रेलिया में फिर कोरोना का कहर | 7 मैं कुछ कहूंगा तो फीस कट जाएगी

# उत्तराखंड में ओमिक्रॉन का ग्रहण, लगा नाइट कर्फ्यू

## रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक प्रभावी रहेगा कर्फ्यू

**संवाददाता**

देहरादून। ओमिक्रॉन संक्रमण के मद्देनजर अब उत्तराखंड में रात्रि कर्फ्यू लगा दिया गया है। यह कर्फ्यू 27 दिसंबर से आग्रिम आदेशों तक लागू रहेगा। कर्फ्यू रात 11:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।

**यह सेवाएं 24 घंटे होंगी संचालित**

उत्तराखंड में रात्रि कर्फ्यू के दौरान समस्त स्वास्थ्य सेवाएं 24 घंटे संचालित होंगी। सभी चिकित्सा कर्मियों, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य अस्पताल सहायता सेवाओं के लिए परिवहन की अनुमति होगी। तेल और गैस क्षेत्र, जिसमें उत्पादों का उत्पादन, परिवहन, वितरण, भंडारण और फुटकर बिक्री की अनुमति होगी।

पेट्रोल पंप, एलपीजी, पेट्रोलियम और गैस खुदरा और भंडारण आउटलेट संचालित होंगे। बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण सेवाएं जारी रहेंगी। डाक सेवाएं, दूरसंचार, इंटरनेट सेवा, प्रसारण और केबल सेवाएं जारी रहेंगी। कोल्ड स्टोरेज और वेयर हाउसिंग सेवा जारी रहेगी। सार्वजनिक परिवहन का राज्य के अंदर और बाहरी राज्यों से एसओपी के अधीन आवागमन जारी रहेगा। सभी मालवाहक वाहनों को राज्य और अंतरराज्यीय आवागमन के साथ सामग्री लोड करने और उतारने की अनुमति रहेगी। सभी होलसेलर और रिटेलर दुकानों को गोदामों से सामान लोड करने और उतारने की दैनिक रूप से अनुमति होगी।

राज्य और अंतरराज्यीय आयात–निर्यात आवागमन की अनुमति होगी। रेलवे स्टेशन और हवाई अड्डों से एयरपोर्ट बस, टैक्सियों, ऑटो रिक्शा आदी यात्री वाहनों को वैध यात्रा दस्तावेज और टिकट दिखाने पर ही आवागमन की अनुमति होगी।


विक्रम, ऑटो, टैक्सी को यात्रा की अनुमति होगी। मीडिया कर्मियों को वैध आईडी के साथ एसओपी और प्रोटोकॉल के अधीन वाहनों में जाने की अनुमति होगी।

आवश्यक सेवाओं, आपातकालीन और कोविड प्रबंधन में शामिल सरकार और स्थानीय निकायों या अधिकृत संगठन के सभी वाहनों को चलने की अनुमति होगी।

निजी वाहनों के आवागमन के लिए वैध आईडी के साथ आकस्मिक कारणों के लिए अनुमति होगी। शहरी और ग्रामीण इलाकों में सभी इंडस्ट्री कोविड सेफ्टी प्रोटोकॉल और एसओपी के अधीन संचालन की अनुमति होगी। इसकी निगरानी जिला प्रशासन करेगा।

**यहां भी प्रभावी है रात्रि कर्फ्यू**

ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली में भी सोमवार से रात 11 बजे से सुबह पांच बजे के बीच बंदी रहेगी। इसके साथ ही महाराष्ट्र, यूपी, कर्नाटक, हरियाणा, गुजरात और मध्यप्रदेश में भी रात्रि कर्फ्यू प्रभावी है।





### सोमवार को मिले 20 नए मामले

देहरादून। उत्तराखंड में बीते 24 घंटे में 20 नए संक्रमित मिले हैं, जबकि 35 मरीज स्वस्थ हुए हैं। फिलहाल 213 सक्रिय मरीजों का इलाज चल रहा है। अब तक प्रदेश में 344799 लोग संक्रमित हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सोमवार को चार जिलों में 20 लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। देहरादून में 12, ऊधमसिंहनगर में पांच, नैनीताल में दो और चंपावत जिले में एक कोरोना संक्रमित मामला सामने आया है। बीते 24 घंटे में 35 मरीजों को ठीक होने के बाद घर भेजा गया है। इन्हें मिलाकर अब तक 330973 कोरोना संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं।

### देश में ओमिक्रोन वैरिएंट के मामले बढ़कर हुए 578

नई दिल्ली।। देश में ओमिक्रोन के मामलों में लगातार उछाल आ रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में ओमिक्रोन के अब तक 578 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें दिल्ह्ली में सबसे अधिक 142 मामले सामने आए हैं। बीते 24 घंटों के दौरान यहां पर 63 नए मामले सामने आए हैं। इसके बाद महाराष्ट्र का नंबर है जहां पर 141 मामले अब तक सामने आ चुके हैं। केंद्र सरकार के ताजा आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के 6531 मामले सामने आए हैं, जबकि 7141 मरीज ठीक भी हुए हैं। देश में ठीक होने वालों का रिकवरी रेट 98.40 फीसद हो गया है। ओमिक्रोन की बात करें तो देश में अब तक इससे ठीक होन वालों की संख्या 151 हो चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### 24 घंटे में सामने आए कोरोना संक्रमण के 6,531 नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन का खतरा बढ़ता जा रहा है। अब तक इसने 578 लोगों को अपनी चपेट में लिया है। इसके साथ ही देश में कोरोना संक्रमण के साढ़े छह हजार नए मामले दर्ज किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 6,531 नए मामले सामने आए हैं और 7,141 रिकवरी हुई हैं।

### सुधार वाले बड़े राज्यों में शीर्ष पर यूपी, केरल सबसे आगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। नीति आयोग ने राज्यों के स्वास्थ्य सूचकांक का चौथा संस्करण जारी किया है। इसके अनुसार, हेल्थ इंडेक्स में सुधार वाले बड़े राज्यों में यूपी शीर्ष पर है। सुधार करने के मामले में बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश, असम और तेलंगाना शीर्ष तीन रैंकिंग वाले राज्य रहे।

# बच्चों के टीकाकरण के लिए एक जनवरी से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन

## 15 से 18 साल के बच्चों के वैक्सिनेशन को लेकर गाइडलाइंस जारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ओमिक्रोन के बढ़ते खतरे के बीच भारत ने कोरोना के खिलाफ लड़ाई में एक और कदम आगे बढ़ाया है। देश में तीन जनवरी से 15–18 साल के बच्चों का टीकाकरण शुरू होने जा रहा है। इसके लिए बच्चों को भी रजिस्ट्रेशन करना होगा।

बच्चों के लिए कोविन पर एक जनवरी से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कोविन प्लेटफार्म के प्रमुख डाक्टर आर एस शर्मा ने बताया कि 15–18 साल की उम्र के बच्चों के टीकाकरण के लिए कोविन पर एक जनवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। इसके लिए आधार कार्ड की जरूरत होगी। अगर किसी के पास आधार कार्ड या कोई और पहचान पत्र नहीं है तो वे रजिस्ट्रेशन के लिए स्टूडेंट आइडी कार्ड का उपयोग कर सकते हैं।

कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के मामलों में तेजी को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 दिसंबर को कोरोना के खिलाफ लड़ाई में तीन बड़े फैसलों की घोषणा की थी, जिनमें जनवरी से 15–18 साल के बच्चों के लिए टीकाकरण शुरू करना शामिल है। इसके अलावा एक और बड़ी घोषणा करते हुए पीएम ने कहा था कि 60 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों, स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए 10 जनवरी से बूस्टर डोज शुरू की जाएगी। राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि देश में अब तक 61 फीसद वयस्क आबादी को कोविड–19 वैक्सीन की दोनों खुराक दी जा चुकी हैं, जबकि 90 फीसद वयस्क आबादी को पहली खुराक दी गई है।

### बीमारी से पीड़ित बुजुर्गों के लिए

सभी हेल्थकेयर वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स और 60 साल से ऊपर के बीमारी से पीड़ित बुजुर्गों को कोरोना का डोज बुक करने की सुविधा उनके पुराने अकाउंट से ही मिल जाएगी। प्रावधान के मुताबिक, जिन लोगों को कोरोना की दूसरी डोज लगे कम से कम नौ महीने हो गए होंगे उन्हें ही कोविन सिस्टम पर प्रिकॉशन डोज के लिए योग्य माना जाएगा। अगर योग्य लाभार्थियों की प्रिकॉशन डोज का समय आ गया है, तो उन्हें इस बारे में याद दिलाने के लिए कोविन सिस्टम की तरफ से खुद एसएमएस भेजा जाएगा। वैक्सिनेशन के लिए ऑनलाइन या सीधे टीकाकरण केंद्र पर जाकर रजिस्ट्रेशन और अपॉइंटमेंट बुक कराए जा सकते हैं।

# पहाड़ों में बर्फबारी के साथ बढ़ेगी ठिठुरन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश की राजधानी दिल्ली समेत कई अन्य राज्यों में रविवार को जमकर बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अभी और कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार यानी 29 दिसंबर तक कुछ उत्तरी राज्यों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है। सोमवार और मंगलवार जम्मू–कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। उत्तराखंड में सोमवार से शुरू होकर बुधवार तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। केंद्रीय मौसम पूर्वानुमान एजेंसी के ताजा अपडेट के अनुसार पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में भी सोमवार और मंगलवार को बारिश होने की संभावना है।

उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में आज से बुधवार तक मध्यम बारिश होने की संभावना है। मंगलवार को पूर्वी और उससे सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश और पूर्वी राजस्थान में भी गरज के साथ छींटे पड़ने, बिजली गिरने और ओलावृष्टि की संभावना है।

मध्य भारत में मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में बारिश का अनुमान है, जबकि पूर्वी हिस्से में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में 28 से 30 दिसंबर के दौरान बारिश होने की संभावना है। आइएमडी ने 27 और 28 तारीख पश्चिम बंगाल, सिक्किम के कई हिस्सों में गरज के साथ ओलावृष्टि की भविष्यवाणी की है। 28 और 29 तारीख को पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में 28 दिसंबर को पश्चिम मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

बता दें कि उत्तराखंड में हिमपात का असर देखने को मिल रहा है कि एक ही दिन में पारा तीन से चार डिग्री तक गिर गया।

### अलर्ट

■मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में भी बारिश का अलर्ट

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# विलंब नहीं विकास की विरासत पर विश्वास

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मंड़ी। छोटी काशी मंडी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश को 11,000 करोड़ रुपये की सौगात दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7,000 करोड़ की रेणुका बांध परियोजना और 1,800 करोड़ की 210 मेगावाट से अधिक की लुहरी स्टेज–1 पनबिजली परियोजना की आधारशिला रखी। 2,000 करोड़ रुपये की शिमला जिले में पब्बर नदी पर बनी 111 मेगावाट की सावड़ा कुड्डू पनबिजली परियोजना का लोकार्पण किया और 700 करोड़ रुपये से बनने वाली 66 मेगावाट की धौलासिद्ध पनबिजली परियोजना का शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा हिमाचल देश के सबसे महत्वपूर्ण फार्मा हब में से एक है। भारत को आज फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड कहा जाता है तो उसके पीछे हिमाचल की बहुत बड़ी ताकत है। कोरोनाकाल के दौरान हिमाचल ने न सिर्फ दूसरे राज्यों, बल्कि दूसरे देशों की भी मदद की है। आयुष इंडस्ट्री को भी हमारी सरकार बढ़ावा दे रही है। आज देश में सरकार चलाने के दो अलग–अलग मॉडल काम कर रहे हैं।

### पीएम मोदी ने हिमाचल को दी 11 हजार करोड़ की सौगात